बुन्देलखण्ड परियोजना
बरयारपुर कुर्मियान (पन्ना)

''श्री राजू पटेल के लिए दुग्ध व्यवसाय बना रोजगार का सशक्त माध्यम''

बुन्देलखण्ड परियोजना अंतर्गत पन्ना जिले के दुग्ध उत्पादकों द्वारा पशुपालन में रूचि दिखाई गई एंव दुग्ध व्यवसाय हेतु आकर्षित हुए है। जिले के गांव अजयगढ़ बरयारपुर कुर्मियान के दुग्ध उत्पादक श्री राजू प्रसाद ने इस कार्यक्रम में विशेष रूचि ली, तथा दुग्ध उत्पादन को रोजगार का एक माध्यम बनाया। पूर्व में इस क्षेत्र में दूध लगभग 15 रू. प्रतिलीटर बिकता था जो दुग्ध उत्पादन लागत से भी कम था। बुन्देलखण्ड विशेष पैकेज के अंतर्गत अजयगढ़ में दुग्ध सहकारी समिति का गठन होने के पश्चात दुग्ध उत्पादक दुग्ध समिति का दूध बेचने लगे तथा इन्हें दूध के दाम 15 रूपये के स्थान पर 24 रूपये प्रतिलीटर प्राप्त होने लगे। श्री राजू पटेल के पास एक ही दुधारू पशु था। जिससे मात्र दो लीटर दूध का उत्पादन होता था। उनके द्वारा दो और दुधारू पशु खरीदे गए आज इनके पास तीन दुधारू पशु है। जिनसे प्रतिदिन लगभग 14 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है एवं प्रतिदिन रूपये 336/- की आय हो रही है।

(सदस्य श्री राजू प्रसाद पटेल)

श्री राजू पटेल द्वारा अब तक (जनवरी 2013) एक लाख दस हजार दो सौ रूपये का दूध समिति को बेचा जा चुका है। श्री राजू पटेल इस व्यवसाय से जुडने के लिए अजयगढ़ के अन्य दुग्ध उत्पादकों को भी प्रोत्साहित कर रहें है। अजयगढ में ही महिला समूहों द्वारा डीपीआईपी परियोजना के माध्यम से दुधारू पशुओं का क्रय किया जा रहा है तथा समिति को दूध बेचा जा रहा है।

....